डिजिटल न्यूज पेपर वर्ष : 01 अंक : 365 24 फरवरी 2025 RAJHIN/2002/7172

# गरज

8 PM

पश्चिम राजस्थान का दबंग व निष्पक्ष समाचार पत्र

प्रेरणास्त्रोत
स्व. सुरेन्द्र सिंह राठौड़
(पूर्व विधायक)
प्रधान सम्पादक
मोहम्मद रमजान मुगल
मो.- 9413278786
सह सम्पादक
राजकुमार खड़गावत

# डीजीपी डिस्क से सम्मानित हुए बीकानेर आईजी ओमप्रकाश

**गरज @ बीकानेर**

राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आयोजित पुलिस अलंकरण समारोह में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने 64 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृहमंत्री पदक, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक एवं डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों में बीकानेर आईजी ओमप्रकाश भी शामिल रहे जिन्हे उत्कृष्ठ सेवाओं के लिये डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया गया। समारोह में डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में बीइानेर आईजी ओमप्रकाश के अलावा डीजी एसीबी डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा, डीजी इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल, डीजी जेल गोविन्द गुप्ता, रिटायर्ड डीजीपी ए.पौन्नूचामी व भूपेन्द्र कुमार दक, एडीजी भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय, एडीजी जेल रूपिन्दर सिंघ, एडीजी सिविल राइट्स एंड एएचटीयू मालिनी अग्रवाल, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर विशाल बंसल, एडीजी एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह, आईजी कोटा रेंज रवि दत्त गौड़, मंत्रीमण्डल सचिवालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में उप सचिव डॉ. दीपक यादव, जोधपुर कमिश्नर राजेंद्र सिंह, आईजी कार्मिक एस. परिमला, आईजी एसीबी उदयपुर राजेंद्र प्रसाद गोयल, आईजी आरपीए लता मनोज कुमार, आईजी विजिलेंस प्रफुल्ल कुमार, आईजी उदयपुर रेंज राजेश मीना, आईजी मुख्यमंत्री सुरक्षा व सतर्कता गौरव



श्रीवास्तव, आईजी जोधपुर रेंज विकास कुमार, आईजी सिविल राइट्स जयनारायण, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल नई दिल्ली में आईजी नवज्योति गोगोई, रिटायर्ड आईजी अशोक गुप्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में डीआईजी ममता राहुल व डॉ. राहुल जैन, डीआईजी एसीबी जोधपुर हरेन्द्र कुमार महावर, डीआईजी आइटीबीपी नई दिल्ली विकास पाठक, डीआईजी एसीबी द्वितीय जयपुर राहुल कोटोकी, एडीसीपी फर्स्ट जयपुर कुंवर राष्ट्रदीप, डिप्टी डायरेक्टर आरपीए प्रदीप मोहन शर्मा, एडीसीपी लॉ एंड ऑर्डर जयपुर कमिश्नरेट डॉ. रामेश्वर सिंह, डीआईजी बीएसएफ कैलाश चन्द जाट, एसपी श्रीगंगानगर गौरव यादव, एसपी हनुमानगढ़ अरशद अली, एसपी पाली चूना राम जाट एवं एसपी जैसलमेर सुधीर चौधरी शामिल थे।

## इन्हे मिला अति उत्कृष्ट सेवा पदक

**अन्वेषण उत्कृष्टता के लिए एसपी श्रीगंगानगर गौरव यादव, डीसीपी वेस्ट जयपुर अमित कुमार, एसओजी जयपुर में डीएसपी गुमाना राम, इंस्पेक्टर अमित सिहाग (मरणोपरांत परिजनों को), पुलिस निरीक्षक, एसओजी जयपुर सज्जन कंवर व पूनम चौधरी, सहायक उप निरीक्षक भीलवाड़ा मदन लाल मीणा एवं अजमेर जिले के हेड कॉन्स्टेबल पुसा राम को केंद्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित किया गया। इनके अलावा महानिदेशक एसीबी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा, महानिदेशक पुलिस एससीआरबी, साईबर क्राईम एवं तकनीकी सेवायें हेमन्त प्रियदर्शी, सेवानिवृत्त महानिदेशक पुलिस जंगा श्रीनिवास राव, महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज रवि दत्त गौड़, पुलिस आयुक्त जोधपुर राजेन्द्र सिंह, महानिरीक्षक पुलिस सिविल राइट्स जय नारायण, महानिरीक्षक पुलिस सीआईडी अपराध सत्येन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा, उप महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज अजमेर ओम प्रकाश- उप महानिरीक्षक पुलिस एसीबी उदयपुर राजेन्द्र प्रसाद गोयल सेवानिवृत्त डीआईजी समीर कुमार सिंह व जगदीश चंद्र शर्मा को अति उत्कृष्ट सेवा पदक सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट सेवा पदक से एडीजी टेलीकम्युनिकेशन एंड टेक्निकल एवं ट्रैफिक अनिल पालीवाल, जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के., एडीजी पुलिस हाउसिंग बिनीता ठाकुर, एडीजी कार्मिक सचिन मित्तल, एडीजी विजिलेंस संजीव कुमार नार्जारी, एडीजी लॉ एन ऑर्डर विशाल बंसल एवं एडीजी एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह सम्मानित हुए।**

# जयपुर के विरोध प्रदर्शन में बीकानेर कांग्रेस नेताओं ने भी दिखाया दम






**गरज @ बीकानेर**

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई विवादित टिप्पणी और छह विधायकों के निलंबन के विरोध में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर जयपुर में विधानसभा का घेराव में बीकानेर के कांग्रेसी नेताओं ने भी अपना दम दिखाया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए राजधानी में भारी पुलिस बल तैनात रहा और विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने जयपुर के 22 गोदाम सर्किल पर पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर कांग्रेसी प्रदर्शनकारियों को रोक दिया और उन्हे खदेड़ने के लिये वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन में बीकानेर कांग्रेस नेताओं में पूर्व मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, भंवर सिंह भाटी, गोविन्द मेघवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत, प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ, संगठन महासचिव नितिन वत्सस, मदनगोपाल मेघवाल, सुमित कोचर, आनंद सिंह सोढ़ा, महिला अध्यक्ष शर्मिला पंचारिया, युथ प्रदेश उपाध्यक्ष शबीर अहमद, महासचिव मनोज किराडू, फिरोज भाटी, रवि पुरोहित, महिला प्रदेश सचिव उमा सुथार, सचिव मनोज चौधरी, सुरेन्द्र डोटासरा, कर्नल शिशुपाल सिंह, पन्नालाल मेघवाल, अकरम तंवर, सिकंदर भरी, आसिफ अली समेत अनेक कांग्रेस नेता शामिल थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर विद्यानगर थाने में बैठा लिया।

# धर्म परायण उद्योगपति नरसी-पूनम कुलरिया ने किया पीएम का स्वागत



बीकानेर। एमपी के छत्तरपुर में श्री बागेश्वर बालाजी धाम में बनाये जाने वाले कैंसर होस्पीटल का भूमि पूजन करने पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के सानिध्य में पीएम नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने वालों में मरूधरा के धर्म परायण उद्यमी नरसी कुलरिया, पूनम कुलरिया और उनकी धर्मपत्नि श्रीमती बबिता कुलरिया भी शामिल रही। कैंसर रोगियों की सेवार्थ 200 करोड़ की लागत से बनाये जा रहे इस आधुनिक अस्पताल और रिसर्च सेंटर के भूमि पूजन कार्यक्रम में देशभर से प्रबुद्धजन शामिल हुए।

# ट्रेफिक जाम में फंसे लोगों ने बीकानेर प्रशासन-पुलिस को जमकर कोसा

**गरज @ बीकानेर**

एक दिवसीय दौरे पर बीकानेर आये राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े का काफिला गुजरने के बाद गजनेर रोड़ जबरदस्त ट्रेफिक जाम हो गया। दरअसल, शाम को राज्यपाला का काफिला गुजरने से आधे घंटे पहले ही पुलिस ने गजनेर रोड़ से जुड़े रास्तों पर ट्रेफिक रोक दिया। काफिला गुजरने के बाद रास्ते खोले तो वाहनों की भारी भीड़ के कारण ट्रेफिक जाम हो गया। जाम में फंसे वाहन चालक बीकानेर प्रशासन और पुलिस को कोसते नजर आये। जानकारी के अनुसार राज्यपाल जब नाल एयर पोर्ट के लिए रवाना हुए तब रास्ते बंद कर दिए गए। गंगानगर सर्किल से मुरलीधर व्यास कॉलोनी तक दोनों तरफ़ के रास्ते बंद किए गए। ऐसे में भुट्टा चौराहा, पुलिस लाइन



चौराहा, पंडित पेट्रोल पंप तिराहा, कोठारी अस्पताल तिराहा, पूगल तिराहा, डूडी पेट्रोल पंप सर्किल, अंत्योदय नगर व जवाहर नगर रोड के साथ ही चूंगी चौकी से करमीसर रोड़ तक रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। काफ़ी समय तक रास्ता बंद रहने के बाद खुलने से अचानक गजनेर रोड पर छोटे बड़े वाहनों की संख्या बढ़ गई। ऐसे में लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क पर वाहन रेंगते हुए चले। हालांकि यातायात पुलिस के जवान मौके पर थे इसके बाद भी लोगों को परेशान होना पड़ा।



देश और राज्य

गरज

24 फरवरी 2025



# सरेआम कर रहे थे अवैध जिप्मस खनन

## पुलिस ने छह जनों का पकड़ा, जेसीबी समेत खनन में प्रयुक्त पांच वाहन जब्त

**गरज @ बीकानेर**



जिले के बज्जू थाना इलाके के गांव गरांधी में सरेआम जिप्सम का अवैध कर रहे छह जनों को मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया और मौका स्थल पर चार टैक्ट्रर ट्रालियों समेत एक जेसीबी भी जब्त कर ली। इस मामले को लेकर खनिज विभाग के कार्यदेशक अनिरूद्ध सिंह ने बज्जू थाने में आरोपियों के खिलाफ जिप्सम के अवैध खनन एवं निर्गमन का केस दर्ज कराया है। दरअसल, मौके पर खातेदारी जमीन पर चल रहे अवैध जिप्मस खनन की सूचना मिलने के बाद बज्जू एसएचओं आलोक सिंह जाब्ता लेकर मौके पर पहुंचे तो ग्राम गरांधी में कुछ लोग जेसीबी से जिप्सम की खुदाई कर ट्रैक्टरों में लदान कर रहे थे, दिन दहाड़े अवैध खनन कर रहे यह लोग करीब 258 मेट्रिक टन जिप्सम की खुदाई कर चुके थे। इस दौरान पुलिस ने मौके पर अवैध खनन कर रहे छह जनों को हिरासत में लेकर खनिज अभियंता को सूचना दे दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे खनि कार्यदेशक अनिरूद्ध सिंह ने मौका रिपोर्ट तैयार कर आरोपियों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज करवा दी। पुलिस ने इस मामले में सिंधू मोरखाना निवास कालु सिंह पुत्र किशन सिंह, गजनेर निवास जीवराज सिंह पुत्र मोहन सिंह, पंचपीठ ढाणी बज्जू निवासी दलीप सिंह पुत्र मोहन सिंह, पाबूसर निवासी तेजु सिह पुत्र सवाई सिहं, पंचपीठ ढाणी बज्जू निवासी हिम्मत सिंह पुत्र अनोप सिंह और मोडायत बज्जू निवासी रामकुमार पुत्र हेतराम बिश्नोई को गिरफ्तार कर मौके पर जिप्मस से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली, जिप्सम छानने की जाली लगी तीन ट्रेक्टर ट्रालियां और एक जेसीबी मशीन जब्त कर ली। थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जिप्सम के अवैध खनन एवं निगर्मन का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आरोपियों से वसूली जायेगी पेनेल्टी

खनि कार्यदेशक ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि मौके पर उपनिवेशन तहसीलदार गजनेर मुकाम कोलायत व हल्का पटवारी गिरांधी द्वारा दी गई फर्द मौका रिपोर्ट के अनुसार जिप्सम का अवैध खनन स्थल खातेदारी भूमि निकट ग्राम गिरांधी के खसरा न.360/14 व 360/2/3 में है व जिसमे फर्द मौका रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त खातेदारी है चुकिं अवैध खनन खातेदारी भूमि में किया गया है। इसलिये खातेदारी खसरा संख्या के सभी संयुक्त खातेदारर्थी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से अवैध खनन/अवैध निर्गमन में लिप्त है। मौके पर बनाये गये मूल मौका पंचनाम अनुसार सभी 5 वाहनों जो कि मौके पर जब्त किये गये है व मौके पर किये गये अवैध खनन जिप्सम पिट से निकाले गये खनिज लगभग 258.75 मेट्रिक टन सभी की कुल मिलाकर पैनल्टी राशि 903500/- बनती है जो कि अवैध खनन कर्ताओं से वसुलने योग्य बनती है।

# दुबई में खुला हल्दीराम का रेस्टोरेंट



बीकानेर। दुबई में खुले हल्दीराम के पहले रेंस्टोरेंट का शुभारंभ सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने किया। इस मौके पर हल्दीराम ग्रुप के शिवकिशन अग्रवाल, शिवरतन अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, मधु अग्रवाल, राजीव वर्मा, तेजाराम मेघवाल, भाजयुमो महामंत्री पंकज अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजेंद्र गिदवानी, रवि अग्रवाल, विनोद भोजक के साथ हल्दीराम और बीकाजी परिवार उपस्थित रहा। जानकारी में रहे कि दुबई में खुला ये आउटलेट हल्दीराम का पहला अंतर्राष्ट्रीय आउटलेट है।

# मंगलवार को डॉ. सिरोही के जिम्मे रहेगा पीबीएम प्रबंधन

**गरज @ बीकानेर**



पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र वर्मा मंगलवार को चिकित्सीय सेवाओं से जुड़े कार्य के लिये बीकानेर से बाहर रहेगे। उनकी जगह पीबीएम के पूर्व अधीक्षक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. परमिन्दर सिरोही होस्पीटल अधीक्षक का जिम्मा संभालेगें। जानकारी में रहे कि पिछ्ले तीन दिनों से डॉ. रोहिताश्व कुलरिया पीबीएम अधीक्षक का जिम्मा संभाल रहे थे।

HOTEL RK

Your Home Away from Home

& Restaurant





New Gajner Road, Butto ka Chouraha, Bikaner

Email : hotelrkbikaner@gmail.com,

Website : Hotelrk.com

M. : 7849975970, Ph. : 0151-2945970

# एमएस कॉलेज में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**गरज @ बीकानेर**





एमएस कॉलेज में सोमवार को लोक प्रशासन विभाग की ओर से क्रिएटिव एडमिनिस्ट्रेशन तथा इंटरनल असाइनमेंट प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज की पूर्व प्रोफेसर डॉ अजंता गहलोत एवं पूर्व प्रोफेसर डॉ. रजनी शर्मा के आतिथ्य में आयोजित समारोह में शुरुआत छात्रा अंजली सोनी व केतकी व्यास द्वारा सरस्वती वंदना से की। इसके बाद छात्राओं ने लड़कियों की शिक्षा में आने वाली सामाजिक व आर्थिक अड़चनों को दिखाते हुए एक लघु नाटक का मंचन किया, जिसमें में मनीषा सुथार, जागृति गहलोत, पायल सोनी, कृतिका सुथार, केतकी व्यास, दीपशिखा शेखावत व सरिता कुचोरिया ने पात्रों को जीवंत किया। कार्यक्रम में लोक प्रशासन विभाग की छात्राओं विजयलक्ष्मी मेघवाल व प्रज्ञा द्वारा राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजंता गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय शिक्षा में शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है और छात्राओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रोफेसर रजनी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति कभी भी अपनी कमजोरी से नहीं बल्कि अपनी हार मानने की प्रवृत्ति से हार जाता है अतः हमें अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर मंजू मीणा ने कहा कि लोक प्रशासन विभाग द्वारा रचनात्मकता प्रशासन गतिविधियां महाविद्यालय के लिए एक नवीन नवाचार है और छात्राओं ने जिस प्रकार इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, उनका उत्साह देखते हुए महाविद्यालय के अन्य विभागों को भी इस प्रकार के नवाचारी प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विभाग की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ऐश्वर्या अरोड़ा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोक प्रशासन विभाग के सभी संकाय सदस्य डॉ. अमृता सिंह, डॉ. आशुतोष सोनी व डॉ. ज्योति सक्सेना तथा महाविद्यालय के अन्य विभागों के संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।



# शहर की बात



**सम्पादकीय**

## भाजपा में मुख्यमंत्री चयन की कसौटी



दिल्ली में भाजपा नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का चयन उसी वैचारिक और सांगठनिक पुनर्निर्माण प्रक्रिया की कड़ी है, जिसके अंतर्गत पिछले काफी समय से मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। दिल्ली में निर्वाचित विधायकों में से कई अनुभव, कद और पहचान में रेखा गुप्ता से ज्यादा वजनदार नजर आएंगे। इसके बावजूद मुख्यमंत्री का चयन अलग तरह से हो रहा है तो इसके पीछे नेतृत्व, संगठन और दिशा की दृष्टि से दूरगामी योजनाएं होंगी। राजनीतिक विश्लेषकों की सामान्य टिप्पणी होती है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा हमेशा चौंकाती है, मगर क्या वाकई उनके निर्णय चौंकाने वाले होते हैं? महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस को छोड़ दें तो राजस्थान में भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश में मोहन यादव, छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, ओडिशा के मोहन चरण माझी आदि के बारे में कल्पना नहीं थी कि वे मुख्यमंत्री बन सकते हैं। फडणवीस 2024 में अवश्य मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, किंतु जब उन्हें 2014 में लाया गया था, तब उनके सीएम बनने की संभावना बेहद कम थी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बारे में भी कल्पना नहीं थी। 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद योगी आदित्यनाथ का नाम नहीं था। उन्हें विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ाया गया था। भारतीय राजनीति में लंबे समय से हम शीर्ष पर जाने-पहचाने चेहरे देखने के अभ्यस्त थे, इसलिए भाजपा के निर्णय चौंकाते हैं, पर इन निर्णयों में एक निरंतरता, तारतम्यता, वैचारिक और सांगठनिक दृष्टि दिखाई देती है। कोई इसे तात्कालिक निर्णय मान ले तो समस्या उसकी है। महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा को छोड़ दें तो अधिकतर मुख्यमंत्री या प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से भाजपा में आए। यानी गैर-वैचारिक, गैर-सांगठनिक लोगों को जगह नहीं दी गई। उपमुख्यमंत्रियों में भी बिहार में सम्राट चौधरी के अलावा ऐसा नाम नहीं दिखेगा, जिसकी वैचारिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि भाजपा से अलग हो। इससे समझा जा सकता है कि नेतृत्व सतही या तत्कालिकता के अनुसार निर्णय नहीं करता। मोदी सरकार ने हिंदुत्व, हिंदुत्व अभिप्रेरित राष्ट्र भाव, सभ्यता-संस्कृति-अध्यात्म आदि के अनुरूप आंतरिक एवं विदेश नीति के मामले में अकल्पनीय काम किया है। स्वाभाविक ही नेतृत्व चयन में इससे परे दृष्टि नहीं जा सकती। यह स्मरण करें कि प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय क्षितिज पर आविर्भाव के समय भाजपा की स्थिति क्या थी? 2004 में पराजय के बाद ही नहीं, 2000 से ही भाजपा के अंदर आंतरिक कलह, उथल-पुथल की स्थिति थी, जो चुनाव में पराजय के साथ परवान चढ़ गई। केएन गोविंदाचार्य के भाजपा से बाहर जाने के बाद लंबी कड़ी दिखाई देगी, जिसमें कल्याण सिंह, तपन सिकदर, उमा भारती, मदनलाल खुराना आदि बड़े नाम विद्रोह कर बैठे। वाजपेयी और आडवाणी के साथ कुर्सी पर बैठने वाले जसवंत सिंह तक को पार्टी से निकाला गया। 2009 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने झंडेवालान जाकर संघ से कहा कि अब आप ही लोग निर्णय करिए। तब नितिन गडकरी को अध्यक्ष बनाया गया। उनके लिए भी काम करना कठिन था। तब शीर्ष नेताओं के बीच आवश्यक सामंजस्य नहीं था। 2009 में आडवाणी को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाया गया, लेकिन तब भाजपा 2004 से भी कम सीटों पर सिमट गई। इसका कारण आंतरिक कलह और व्यापक पैमाने पर पूरे संगठन परिवार के अंदर नेतृत्व से मोहभंग की स्थिति थी। इसके बाद संप्रग सरकार से लोगों के अंदर व्यापक असंतोष उपजा। मुस्लिम तुष्टीकरण तथा हिंदुत्व को बदनाम करने के अभियानों ने लोगों में व्यापक गुस्सा पैदा किया, किंतु तत्कालीन भाजपा नेतृत्व उसके विरुद्ध प्रखरता से लड़ने में सक्षम साबित नहीं हो पा रहा था। सबके अंदर छटपटाहट थी कि विचारधारा के आधार पर कोई प्रखर निष्ठावान नेतृत्व सामने आए। ऐसे में नरेन्द्र मोदी आए और उन्होंने देश में व्याप्त असंतोष, संगठन परिवार के भीतर सामूहिक सोच को अभिव्यक्ति दी। वह सबकी उम्मीद की किरण बनकर उभरे और उन्होंने अपने अभियानों से पूरे देश के मनोविज्ञान को अपने पक्ष में मोड़ा। तब भी तत्कालीन भाजपा नेतृत्व को उम्मीद नहीं थी कि पार्टी को लोकसभा में बहुमत प्राप्त हो जाएगा। 2013-14 के दौर में आम धारणा यही थी कि भाजपा 180-82 सीट से ऊपर नहीं जा सकती, पर मोदी बहुमत पाकर प्रधानमंत्री बने। जब उन्होंने अमित शाह को अध्यक्ष बनाया तब बहुत लोगों को संदेह था, लेकिन उनका चयन सही साबित हुआ। आज मोदी और शाह की जोड़ी की तुलना वाजपेयी-आडवाणी से की जाती है। मोदी जिस तरह के वैचारिक एजेंडे पर बढ़ रहे हैं, उससे लगता है कि वे उत्तराधिकारियों के लिए कोई घोषित एजेंडा शायद ही छोड़ें। वह भविष्य की ऐसी आधारभूमि बना रहे, जिस पर संगठन और देश बढ़ सके। इस दृष्टि से देखने पर नेतृत्व के चयन के पीछे का सोच काफी स्पष्ट हो जाता है। उन्हें कुछ फैसले बदलने भी पड़े, लेकिन निष्कर्ष यही निकलता है कि प्रधानमंत्री मोदी अपने रहते राष्ट्रीय और राज्य के स्तर पर पार्टी को भविष्य की दृष्टि से लंबे समय तक काम करने वाले अनुभवी और परीक्षित लोगों की टीम खड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं।




# बीकानेर के जाली नोट प्रकरण से जुड़ी है नोखा में युवक के अपहरण की कहानी!

## सरेआम अगवा कर ले गये, नग्न विडियों बनाया, चालीस लाख की मांगी फिरौती

**गरज @ बीकानेर**



नोखा के जैन चौक से रविवार की शाम फिल्मी अंदाज में हुए युवक के अपरहण कांड की कहानी बीकानेर के बहुचर्चित जाली नोट प्रकरण से जुड़ी बताई जा रही है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार युवक धीरज सारस्वत का अपहरण उसके रिश्तेदार चंपालाल सारस्वत ने करवाया था। जानकारी में रहे कि सूरपुरा निवासी चंपालाल सारस्वत को बीकानेर पुलिस ने करीब दो साल पहले तीन करोड़ के जाली नोट प्रकरण में गिरफ्तार किया था। पता चला है कि जाली नोट प्रकरण के मामले को लेकर चंपालाल और धीरज सारस्वत के बीच दो साल से रंजिश चल रही है। फिलहाल रविवार की शाम हुई अपहरण की घटना को लेकर सुरपुरा हाल निवासी हस्तीनगर नोखा धीरज सारस्वत पुत्र हरिदयाल ने पुलिस को दी अपनी रिपोर्ट में बताया कि मैं और मेरा दोस्त वेदप्रकाश रविवार की शाम करीब साढे पांच बजे फोटोशुट करने के लिए तिरुपति नगर नोखा गये थे। वहां से हम दोनों थार गाड़ी में जैन चौक पहुंचे तभी मौके पर एक कैम्पर गाड़ी आयी जिसमे चार जने सवार थे। इनमें संतोष और धोलू हरयाणवी भी शामिल था। चारों जने मुझे जबरन अपनी कैंपर गाड़ी में डालकर ले गये और सुनसान जगह पर ले जाकर मुझे निंवस्त्र कर विडियों बनाया और मारपीट कर चालीस लाख रूपये की फिरौती मांगी। इसके बाद चारों आरोपी मुझे अपनी गाड़ी में ढिंगसरी की तरफ ले गये और विडियों कॉल के जरिये चंपालाल पुत्र प्रेमसुख सारस्वत निवासी सुरपुरा से बात कराई। वीडियों कॉल पर चम्पालाल ने मुझे कहा कि यह तो हमने डेमो दिखाया, 40 लाख रुपये की फिरौती तो देनी ही पड़ेगी नहीं तो तुझे यह लोगो जान से मार देगे, तो मैने चम्पालाल को कहा की आप मुझे कल शाम तक का समय दो, मै आप लोगो को 20 लाख रुपये फिरौती दे दूंगा, बाकी 20 लाख रुपयो के लिए मुझे कुछ दिन का समय दो। तब उन लोगो ने थाप मुक्को से मेरे साथ मारपीट की व कहा की यह पैसो की व्यवस्था कर दे नही तो तेरा नम्र विडीयो कल शाम तक सोशल मीडीया पर वायरल हो जायेगा। तब धोलु हरयाणवी ने मुझे कहा की हमारे 16 लाख रुपये तो मुकदमें में लगे तथा उनके दुगुने रुपये तुझे भुगतने पड़ेगे। तब मैने घबराकर 20 लाख रुपये कल शाम तक देने की हां भर दी तो उन लोगो ने मेरे हाथ में पहने हुए सोने की ब्रासलेट, सोने की चैन छिन ली तथा मुझे डीगसरी गांव के पास गाड़ी से सड़क किनारे नीचे पटक दिया जिससे मेरे पैरे में चोट लगी। फिर वो मुझे धमकी देकर भाग गये।

# हेल्दी बेबी कांटेस्ट का आयोजन

**गरज @ बीकानेर**



सुपर किड्स प्रिपेरटॉरी के वार्षिक उत्सव एवं महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को टीएम ऑडिटोरियम में हेल्दी बेबी कांस्टेट का आयोजन किया गया। पर्यटन विभाग के उप निदेशक अनिल व्यास, जीतो महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमति ममता रांका, स्कूल प्रिसिंपल श्रीमति सुप्रिया राखेचा, जिला उद्योग संघ अध्यक्ष डीपी पचिसियसा के आतिथ्य में आयोजित कांस्टेट में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सबको मोहित कर लिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्रीमती ममता रांका ने अपने संबोधन में कहा की बच्चों में संस्कार भरने का जो काम प्री-स्कूल करता है वह बहुत ही शानदार है,गंगाशहर में एक अच्छे प्री-स्कूल को खोजने की हमें जरूरत नहीं है। कॉन्टेस्ट में तन्वी बिश्नोई, पार्थ बैद, आरवी सेठिया, भाविल बोथरा, पाही जैन, सारव भादानी अव्वल रहे जिन्हे अतिथियों ने पुरस्कृत किया। कॉन्टेस्ट में जज की भूमिका निभाने वाले डॉक्टर मनीष धानुका डॉक्टर प्रवीण प्रजापत एवं डाइटिशियन श्रीमती अर्पिता भट्टड़ का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर के अध्यक्ष टोडरमल चोपड़ा, ललित राखेचा, अमरचंद सोनी, हंसराज डागा, जतन संचेती, रामलाल बोथरा, संजू लालनी, वीर चंद्रकुमार राखेचा, अरिहंत नाहटा, वीर कन्हैया लाल बोथरा, वीराकेंद्र गंगाशहर एवं बीकानेर के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।






बीकानेर Live

# अलर्ट न्यूज: सोशल मीडिया पर वीडियो-रील अपलोड करने वाली महिलाओं पर साइबर क्रिमिनल्स की बुरी नजर

**सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो और रील साझा करने वाली महिलाओं पर साइबर क्रिमिनलों की बुरी नजर है। ये क्रिमिनल्स आर्टिफिसिशल इंटेलीजेंस टुल्स का इस्तेमाल कर महिलाओं के अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं।**

**गरज @ बीकानेर**

अगर आप अपने पारिवारिक या घुमने के फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे तो सावधान हो जाइए। पता नहीं आपके फोटो विडियों को अनजान व्यक्ति किस तरीके से यूज करके सोशल मीडिया पर बनाकर आपको ब्लैकमेल करना शुरू कर दे। दरअसल, सोशल मीडिया पर फोटो वीडियो और रील साझा करने वाली महिलाओं पर साइबर क्रिमिनल्स की बुरी नजर है। ये क्रिमिनल्स आर्टिफिसिशल इंटेलीजेंस टुल्स का इस्तेमाल कर महिलाओं के अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं। बीकानेर समेत प्रदेशभर में ऐसे मामले जिले में लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हें रोक पाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। हालांकि कई अपराधी को पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पुलिस जागरूकता की अपील भी कर रही है, लेकिन आए दिन इस तरह के फ्रॉड में हर वर्ग फंसता हुआ नजर आ रहा है।



## इस तरह की आ रही है शिकायतें

पुलिस के पास ऑनलाइन धमकी, फर्जी प्रोफाइल बनाकर ब्लैकमेल और चैटिंग कर फंसाने व शादी का झांसा देकर फर्जीवाड़े की शिकायतें लगातार पहुंच रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इनमें से 15 से 20 फीसदी शिकायतें महिलाओं से संबंधित आ रही है। इन मामलों में पुलिस ने कई अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर महिलाओं की सुरक्षा पुख्ता नहीं हो पाई है। हालांकि काफी मामलों में महिलाएं पुलिस को शिकायत ही नहीं देती है। ऐसे में महिलाओं को भी जागरूक रहकर ऐसी घटना होने पर शीघ्र पुलिस को सूचना करनी चाहिए।

## अपनाते है कई फंडे

जानकारी के अनुसार साइबर अपराधी महिलाओं और युवतियों की सोशल मीडिया प्रोफाइल की लगातार निगरानी करते हैं। महिलाओं से जुड़ी ज्यादातर शिकायतों में एआई के जरिए डीपफेक का इस्तेमाल किया जाता है। कई बार पुरुष अपराधी भी फर्जी अकाउंट बनाकर खुद को लड़की बताते है और फिर लड़कियों से चेंटिंग कर उन्हें अपने झांसे में ले लेते है। जब उनकी मंशा सफल नहीं हो पाती तो फिर वे नई तकनीक का सहारा लेकर अश्लील फोटो बना लड़कियों को भेजकर उन्हें डराते हैं और फिर ब्लैकमेल करते है।

## ये सावधानियां जरूर बरतें

- ❖ अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की बनी हुइ एप में प्रोफाइल को लॉक करे एवं प्राइवेट ऑप्शन पर रखें, जिससे उसके संबंधित फोटो उसके फॉलोवर्स ही देख सके अन्य नहीं।
- ❖ अनजान नंबरों से आई वीडियो कॉल कभी नही उठाएं।
- ❖ अपने निजी एवं सार्वजनिक व्यक्ति फोटो सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करें, इससे बचे।
- ❖ सोशल मीडिया का प्लेटफॉर्म का पासवर्ड न्यूमेरिकल टू स्टेप का स्ट्रॉग रखे।
- ❖ अपनी व्यक्तिगत जानकारिया बर्थ-डे, जीवन से जुड़ी जानकारी सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने से बचे।
- ❖ सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति को दोस्त ना बनाएं।
- ❖ वर्तमान में एआई का जमाना है, ऐसे में निजी जानकारी शेयर करने से बचें।
- ❖ महिलाएं जागरूक रहे, डरे नहीं।

# दाल मिल्स एवं अनाज कारोबारियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन



**गरज @ बीकानेर**

दाल-दलहन एवं गेंहू पर लगाये गये मंडी शुल्क में कटौति एवं कृषक कल्याण शुल्क खत्म करने की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी स्तर पर चल रहे आंदोलन के तहत दाल मिल्स दूसरे दिन भी बंद रही। सोमवार को बीकानेर दाल मिल्स एसोसिएसन एवं श्री बीकानेर अनाज कमेटी के प्रतिनिधियों ने एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत व मंडी सचिव नवीन गोदारा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि कोरोना काल में लगाए गये कृषक कल्याण शुल्क को खत्म किया जाये आम आदमी की दाल-रोटी दलहन व गेंहूं पर मंडी शुल्क को 1.60 प्रतिशत से 0.50 प्रतिशत करने व दुसरे राज्यों की उपज को राज्य में लाने पर लगाए जाने वाले मंडी शुल्क को पडौसी राज्यों गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली की तर्ज पर समाप्त किया जाए। इसके अलावा किराए पर चल रहे गोदामों का मालिकाना हक दिलवाया जाए। प्रतिनिधि मंडल में श्री बीकानेर अनाज कमेटी के अध्यक्ष जयकिशन अग्रवाल, बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया, अशोक गहलोत, राजकुमार पचीसिया, अशोक वासवानी, जयदयाल डूडी, बृजमोहन अग्रवाल, परवेश गोयल, रामचंद्र भाटी, सुनील गहलोत, शिवशंकर प्रजापत, मनोहरलाल प्रधानजी, दिनेश जैन, भागीरथ ओझा, निकुंज लोहिया, कुलदीप बोथरा, उत्तमचंद बांठिया, नंदकिशोर राठी, अमित थिरानी, गिरिराज मिमाणी, सुरेश बजाज, अमित पुगलिया शामिल थे।




# विधानसभा में हंगामे के बाद भड़के पायलट, पूछा- माफी मांगने पर कट रही नाक?

**गरज @ बीकानेर**

भजनलाल सरकार में मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा इंदिरा गांधी को लेकर की गई टिप्पणी और 6 कांग्रेस विधायकों के निलंबन को लेकर सदन में गतिरोध अभी बना हुआ है। इस मामले को लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राजस्थान सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 'हम सिर्फ यही चाहते है कि मंत्री और सरकार इतना कह दे कि हमारी इंदिरा गांधी के प्रति हमारी कोई दुर्भावना नहीं है। इतना नहीं कर सकते तो हम भी यहां बैठे हैं और सरकार भी'। सचिन पायलट ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 'इतिहास गवाह है, देश की प्रधानमंत्री जिन्होंने अपने पेट में 32 गोलियां खाई। एक पूर्व प्रधानमंत्री को शहीद किया गया। सदन की परंपरा होती है कि जो व्यक्ति सदन का सदस्य नहीं है, दुनिया में नहीं हैं और जो महिला देश की प्रधानमंत्री रहीं हो। उसके खिलाफ इस प्रकार की बात बोलना, जहां उनका कोई संदर्भ नहीं था। उनकी धारणा जानबूझकर उन्हें अपमानित करने की भावना थी। यदि हमारे नेता की कोई अवमानना करता है सहन नही करेंगे। सदन में गतिरोध को लेकर कहा कि हमारी मांग इतनी सी है कि मंत्री द्वारा माफी मांगी जाए'।

## 'कीचड़ उछालने का काम यह कर रहे'- पायलट

उन्होंने कहा कि 'भाजपा सरकार संसद में अंबेडकर को अपमानित करती है और राजस्थान सरकार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को विधानसभा में अपमानित करती है। जिससे सदन में सवाल के जबाव नहीं देना पड़े, संवाद नहीं हो पाए। ये केवल कीचड़ उछलने का काम यह कर रहे हैं , जो किसी भी सरकार को शोभा नहीं देता। मुख्यमंत्री को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। तीन-चार दिन के धरने के बाद चर्चा के बाद सहमति बन रही थी तो सत्ता पक्ष ने फिर से मामले को बिगाड़ दिया। सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री ने ठीक नहीं समझा की इस पर खेद प्रकट करे'।

# महाशिवरात्री को बंद रहेगी फल-सब्जी मंडी

**गरज @ बीकानेर**

महाशिवरात्री के मौके पर बुधवार को बीकानेर की मुख्य फल सब्जी मंडी बंद रहेगी। बीकानेर फ्रूट वेजिटेबल मर्चेन्ट एण्ड कमीशन एजेंट्स सोसाइटी के अध्यक्ष अरविन्द मिढ्ढा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोसाइटी की मिटिंग में निर्णय लिया गया है कि बुधवार 26 फरवरी को फल सब्जी मंडी बंदी रहेगी। शिवरात्री पूजन सुबह, 9.30 बजे मंडी परिसर में किया जायेगा।







स्वत्वधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक मोहम्मद रमजान मुगल द्वारा महालक्ष्मी प्रिंटर्स, बीकानेर द्वारा मुद्रित, गरज डीजिटल समाचार पत्र पता- मदीना मस्जिद के सामने, मोहल्ला सिक्कान, बीकानेर। मो. 9413278786
पो. रजि. नं. बीकानेर/7172/2023-26 email-ash07shrimali@gmail.com